कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

कलेक्टर केम्पस, दुर्ग, –491001, E-mail-ddadurg.cg@nic.in, Ph.No-0788-2323755

क्र./ त–3 सी /PMKSY-Watershed/2022–23/ 5356 दुर्ग, दिनांक 21-11-22

–:: विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर, कृषक नगर, लाभाण्डी रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक 668/CGSWMA/2022 रायपुर दिनांक 29.09.2022 एवं 735/CGSWMA/2022 रायपुर दिनांक 18.10.2022 प्राप्त निर्देश के परिपालन में WDC-PMKSY 2.0 योजना के सफल संचालन हेतु निम्नांकित संविदा पदों के सम्मुख दर्शाये गये वांछित आर्हतानुसार संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है:–

जिला स्तर :–

क्र.	योजना का नाम	पदनाम	रिक्त पद संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता	मासिक संविदा वेतन (रू.)
1	WDC - PMKSY 2.0	लेखापाल	कुल 1 (अनारक्षित–1)	1. न्यूनतम शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा डिग्री। 2. किसी भी संस्थान से टेली में न्यूनतम 06 माह का डिप्लोमा। 3. किसी भी चार्टड एकाउंटेंट (C.A.) से एक वर्ष आर्टिकलशीप का अनुभव प्रमाण पत्र।	20900/–

नियम व शर्ते :–

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेंगे किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदो का व्यय भार वहन नहीं किया जावेगा। संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
2. आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 15.12.2022** कार्यालयीन समय तक है। आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव, जाति, निवास संबंधी प्रमाणपत्र स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें। समय सीमा के पश्चात प्राप्त पत्रो पर विचार नहीं किया जावेगा। पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
3. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। लिफाफे के ऊपर प्रेषक एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
4. मेरिट के आधार पर चयन किया जावेगा। अभ्यार्थी छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।
5. A-4 साईज में टाईप किये गये आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC के नाम से प्रस्तुत करें आवेदन का प्रारूप संलग्न है।
6. योजनांतर्गत लेखापाल के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।
7. विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा।
8. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी/मैट्रिकुलेशन), जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, आरक्षित पदों हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदक अपनी अर्हता की स्वयं जांच करने तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन भेजे। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट/त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रो का अमान्य कर दिया जावेगा।
10. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदो की संख्या में वृद्धि या कमी करने का एवं आवेदन पत्रो पर विचार करने/स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति संबंधी समस्त प्रक्रिया में कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC जिला दुर्ग का निर्णय मान्य होगा।
11. विज्ञापन में दर्शित अर्हता/योग्यता/पात्रता इत्यादि में भिन्नता पाये जाने पर योजना में दिशा निर्देश में अंकित अनुसार ही अंतिम रुप से मान्य किया जावेगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

उप संचालक कृषि,
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला–दुर्ग (छ.ग.)

C:\Users\cs\Downloads\Vigyapan - Final.doc

Scanned with CamScanner